कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी.एड. संकायों की नैक (B++) प्रत्यायित संस्था

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

**सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

# दिगंत

## ई-पत्रिका:मई-2026



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : www.dnpgcollege.edu.in
**Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com
**Office Email** : dnpggkp@gmail.com
**Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:मई-2026

## संरक्षक मण्डल



परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज

**मुख्य संरक्षक**



**श्री प्रमोद कुमार चौधरी**

उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



प्रो. ओम प्रकाश सिंह

प्राचार्य

**प्रधान सम्पादक**



डॉ. सुभाष चन्द्र

संयोजक



डॉ. विभा सिंह

सदस्य

सम्पादक समिति



डॉ. प्रियंका सिंह

सदस्य

सम्पादक समिति



श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

तकनीकी सहायक

May-2026



# कार्यक्रम-विवरण

| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02.05.2026 शनिवार | हिन्दी एवं गोरखनाथ साहित्यिक केंद्र | 'शिक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता : NEP-2020 के संदर्भ में' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन | 1–2 |
| 2 | 08.05.2026 शुक्रवार | महाविद्यालय | एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. सुभाष चन्द्र को मिली लेफ्टिनेंट रैंक | 2 |
| 3 | 12.05.2026 मंगलवार | बी.एड.विभाग | शिक्षक शिक्षा विभाग में विदाई एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन | 3 |
| 4 | 30.05.2026 शनिवार | एन.सी.सी. | विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन | 4 |

May-2026



## 'शिक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता : NEP-2026 के संदर्भ में' विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन






**2 मई 2026 को** दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग, साहित्यार्चन एवं गोरखनाथ साहित्यिक केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 'शिक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता : NEP-2020 के संदर्भ में' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जी. बी. पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान के निदेशक एवं प्रयागराज विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह थे। उन्होने ने कहा कि एन ई पी–2020 वास्तव में एक नीति है, जिसके पालन के लिए वर्तमान व्यवस्था को गंभीरता से सोचना होगा। उन्होंने कहा, "कई बार योजनाएं तो अच्छी बनती हैं, पर उनका उचित क्रियान्वयन न होने से अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि मनुष्य की आवश्यकता केवल रोटी, कपड़ा और मकान नहीं है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समुच्चय ही मनुष्य के व्यक्तित्व के अंतर्गत आता है। इस दौरान बी.सी.ए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के द्वारा उनके

प्रोजेक्ट/शोध पर आधारित शोध–पत्र अंतर्राष्ट्रीय जनरल में प्रकाशित होने के पर वैष्णवी मिश्रा, नम्रता पाण्डेय, हर्ष शुक्ला समेत 26 छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## महाविद्यालय के एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. सुभाष चन्द्र को मिली लेफ्टिनेंट रैंक





दिनांकः 08–05–2026 को एएनओ सम्मेलन एवं पदोन्नति परेड में महाविद्यालय के सहायक आचार्य एवं एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. सुभाष चन्द्र को 44वीं यूपी बटालियन एन.सी.सी, गोरखपुर के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल रमन तिवारी ने लेफ्टिनेंट रैंक से सम्मानित किया। एनसीसी अधिकारी के रूप में कमीशन प्राप्त करते हुए ले. (डॉ.) सुभाष चन्द्र का एनसीसी सी.टी.ओ. पद से एनसीसी ए.एन.ओ. के पद पर पदोन्नति हुई। ले. (डॉ.) सुभाष चन्द्र ने एनसीसी ओ.टी.ए. काम्पटी, नागपुर, महाराष्ट्र में आयोजित आर्मी विंग एन.सी.सी. के पी.आर.सी.एन. सीनियर डिवीजन कोर्स (क्रमांक सं.–174) में प्रतिभाग कर भारतीय थल सेना का कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

## शिक्षक शिक्षा विभाग में विदाई एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन






दिनांकः 12/05/2026 को महाविद्यालय के शिक्षक–शिक्षा विभाग में द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओ हेतु विदाई एवं सांस्कृतिक समारोह कार्यक्रम–'विगमन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओ.पी. सिंह एवं विभाग के समस्त प्राध्यापकगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया । तत्पश्चात प्रशिक्षु अंजलि, अनुष्का एवं वैष्णवी के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया । प्रशिक्षुओं के द्वारा मुख्य अतिथि जी का माल्यार्पण एवं पौधा देकर स्वागत किया गया। स्वागत गीत प्रशिक्षु सृष्टि और सुधा द्वारा प्रस्तुत किया गया । प्रशिक्षु कुंदन भारतीय द्वारा एक विडियो क्लिप के द्वारा यादों को पिरोकर प्रस्तुत किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में प्रशिक्षु मुस्कान जायसवाल द्वारा गीत, ज्ञानेश नापित द्वारा गज़ल, विशाल सिंह द्वारा कविता प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षु प्रतिमा पाण्डेय एवं नेहा दुबे के द्वारा विदाई गीत की प्रस्तुति की गई।

**प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओम प्रकाश सिंह जी के** द्वारा आशीर्वचन एवं शुभकामनाएं दी गईं जिसके अंतर्गत उन्होंने प्रशिक्षुओं को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने उत्तरजीविता को अपने कौशल से बढ़ाना है ताकि हम इस प्रतिस्पर्धी युग में आगे रह सकें ।





# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन







युवाओं में तंबाकू और निकोटीन के बढ़ते हुए लत तथा समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांकः 30–05–2026 को 44 यूपी वाहिनी एन.सी.सी., गोरखपुर के तत्वावधान में महाविद्यालय की एन.सी.सी. प्लाटून के कैडेट्स द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम एनसीसी कैडेट्स ने मतदाता विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शपथ ली, जिसमें उन्होंने कभी भी, किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करने, अपने परिवार, मित्रों और परिचितों को भी तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने, उन्हें तंबाकू का सेवन छोड़ने के लिए प्रेरित करने तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में अपना पूर्ण योगदान करने की प्रतिज्ञा की उसके उपरान्त कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

May

